आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 25.07.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सरकार ने उत्तराखण्ड आने वाले सभी वाहनों में कूड़े के बैग लगाना अनिवार्य किया।
- देहरादून में उत्तराखण्ड राज्य जूनियर एवं सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप शुरू। मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश में खेलों और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के प्रयास जारी।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी विभागों को चारधाम डैशबोर्ड पर नियमित रूप से रियल टाइम डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए।
- देहरादून तथा बागेश्वर में कल भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट। राज्य के अन्य हिस्सों में भी बारिश की संभावना।

पर्यटन निर्देश

प्रदेश में प्राकृतिक स्वच्छता व सुन्दरता बनाए रखने की सामूहिक जिम्मेदारी पर्यटक, टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेन्सी और वाहन चालकों की भी होगी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस संबंध में उत्तराखण्ड आने वाले सभी वाहनों में कूड़े का बैग अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए हैं। इसकी नियमित रूप से चैकिंग की जाएगी और इसका पालन न करने वालों के चालान किए जाएंगे। पहले भी इस विषय पर राज्य परिवहन विभाग ने उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चण्डीगढ़, राजस्थान व मध्य प्रदेश के परिवहन आयुक्तों को पत्र लिखा था। परिवहन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार चारधाम यात्रा के दौरान वाहन में बैठे यात्री सड़कों पर कचरा नहीं फेंक सकते। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में प्रवेश करने वाले वाहनों को ट्रिप कार्ड जारी करते समय यह अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रत्येक वाहन में कूड़े का बैग लगा हुआ हो। उन्होंने इस सम्बन्ध में टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसी व वाहन चालकों से भी संवाद व समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

बैडमिंटन चैंपियनशिप

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में उत्तराखण्ड राज्य जूनियर एवं सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। राजधानी के परेड मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि बैडमिंटन के क्षेत्र में उत्तराखंड, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बना रहा है। लक्ष्य सेन सहित कई खिलाड़ी बैडमिंटन में इतिहास रचते हुए देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, प्रदेश में खेलों और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर स्तर पर कार्य कर रही है। प्रदेश भर में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन, खेल सामग्री का वितरण, आवासीय क्रीडा छात्रावास योजना के तहत खिलाड़ियों को मुफ्त शिक्षा, चिकित्सा, भोजन आदि की सुविधा दी जा रही है।

सीएम रेल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड को विभिन्न रेल परियोजनाओं के लिए इस वर्ष के बजट में पांच हजार करोड़ से अधिक की धनराशि आवंटित किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस धनराशि से राज्य में रेल सुविधाओं के विकास में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य महत्व

की महत्वाकांक्षी ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। 2026 तक इस परियोजना के पूरा होने की उम्मीद है। श्री धामी ने कहा कि बागेश्वर–टनकपुर, बागेश्वर–गैरसैंण, ऋषिकेश–उत्तरकाशी तथा देहरादून–सहारनपुर रेलवे लाइनों की डीपीआर तैयार किए जाने और तीन रेल परियोजनाओं का कार्य गतिमान है। मुख्यमंत्री ने देहरादून, हरिद्वार, हर्रावाला, काशीपुर, काठगोदाम, टनकपुर आदि रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशनों के रूप में विकसित किये जाने की योजना पर भी केंद्र सरकार का आभार जताया है।

करगिल दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25वें करगिल दिवस के अवसर पर कल करगिल युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे। श्री मोदी सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री शिनकुन ला सुरंग परियोजना के निर्माण कार्य की वर्चुअली शुरूआत करेंगे। लगभग 15 हजार 800 फीट की ऊंचाई पर बनाई जाने वाली यह सुरंग दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी। इस सुरंग से सशस्त्र बलों और उपकरणों की तेज और कुशल आवाजाही होगी।

करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ से पूर्व द्रास के लामोचेन पॉइंट पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस आयोजन में युद्ध के नायकों, रक्षा कर्मियों के रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

करगिल विजय दिवस की रजत जयंती के भव्य उत्सव की मेजबानी के लिए द्रास में युद्ध स्मारक पूरी तरह से तैयार है।

करगिल विजय दिवस का रजत जयंती समारोह करगिल युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान की याद में मनाया जाता है।

सीएम हेल्पलाइन समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन 1905 की समीक्षा की। इस दौरान श्री धामी ने जन समस्याओं के समाधान में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होगा, तो अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान शिकायतकर्ताओं से बातचीत भी की।

चारधाम डैशबोर्ड

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी विभागों को चारधाम डैशबोर्ड पर नियमित रूप से रियल टाइम डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। चारधाम यात्रा से सम्बन्धित डैशबोर्ड जल्द शुरू होने वाला है। मुख्य सचिव ने कहा कि यह डैशबोर्ड चारधाम से सम्बन्धित सभी विभागों के बीच सूचनाओं के प्रभावी आदान–प्रदान व डाटा शेयरिंग का माध्यम बनेगा। इससे विभागों में प्रभावी समन्वय स्थापित होगा और उनके अलगाव में कार्य करने की प्रवृति खत्म होगी। इसके लिए सभी विभागों में एक–एक नोडल अधिकारी तैनात करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि डैशबोर्ड पर अपडेट किया जाने वाला डाटा गतिशील व रियल टाइम होना चाहिए। इसे नियमित रूप से फीड किया जाना चाहिए। मुख्य सचिव ने लोक निर्माण विभाग को यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले ब्लैक स्पॉट, स्लिपिंग जोन, मुख्य मार्गों के अलावा वैकल्पिक मार्गों की जानकारी अपडेट करने को कहा है। साथ ही यूकाडा को धामों में खराब मौसम या अन्य कारणों से हैली सर्विस रद्द होने की पूर्व जानकारी अनिवार्य रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं। पशुपालन विभाग को भी यात्रा मार्ग पर खच्चरों के लिए चारे, पीने के गर्म पानी, पशुचिकित्सकों की उपलब्धता का रियल टाइम डाटा भी नियमित रूप से अपडेट करने को कहा गया है।

## सर्वेक्षण और रिपोर्ट

चमोली जिले के सभी नगर क्षेत्रों में मलिन बस्तियों का चिन्हीकरण और विस्तृत सर्वेक्षण करते हुए एक सप्ताह में रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। जिले के शहरी क्षेत्रों में अवस्थित मलिन बस्तियों के सुधार, विनियमितीकरण, पुनर्वासन, पुनर्व्यवस्थापन, अतिक्रमण निषेध और अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार नगर निकाय क्षेत्रों में मलिन बस्तियों के सुधार, विनियमितीकरण और पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को नगर क्षेत्रों में मलिन बस्तियों का श्रेणीवार चिन्हांकन कर राजस्व रिकार्ड के आधार पर इसका सत्यापन करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि जोशीमठ में दो, कर्णप्रयाग और गोपेश्वर में एक–एक मलिन बस्तियों को चिन्हित कर लिया गया है। सर्वेक्षण का काम जारी है।

## मौसम

मौसम विभाग ने देहरादून और बागेश्वर ज़िले में कल कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने राज्य के अन्य हिस्सों में भी हल्की से मध्यम बारिश और कहीं–कहीं मूसलाधार बारिश होने की चेतावनी दी है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के अनुसार आने वाले दिनों में भी राज्य में वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना है।

इस बीच, चारधाम को जाने वाली सभी सड़कें आवाजाही के लिए खुली हैं। उधर, चमोली जिले के देवाल क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से वाण गांव के पेरी साकुलीगाड में बना वैकल्पिक लकड़ी का कच्चा पुल बह गया है। इससे स्कूली बच्चों को राजकीय इंटर कॉलेज वाण जाने के लिए पांच किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।

वहीं, प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाले करीब पचास मार्ग यातायात के लिए अवरूद्ध हैं, जिन्हें खोलने की कार्यवाही जारी है।

## श्रीदेव सुमन पुण्यतिथि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी जन क्रांति के नायक अमर शहीद श्रीदेव सुमन की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीदेव सुमन ने अपने समय की कठिन परिस्थितियों में लोकशाही के लिए संघर्ष किया और अपने जीवन का बलिदान दिया। समर्पण और संघर्ष से परिपूर्ण श्रीदेव सुमन की जीवन गाथा हमेशा हमें मातृभूमि की सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। शहीद श्रीदेव सुमन के बलिदान दिवस पर टिहरी में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई जगह पौधारोपण अभियान भी चलाया गया। जिला कारागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि उनके पैतृक गांव जौल के लिए हुई घोषणाओं के लिए कई प्रोजेक्ट बनाए गए हैं, जिन्हें प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। इस दौरान स्कूली छात्र–छात्राओं व स्थानीय लोगों ने जिला कारागार का भ्रमण किया, जहां श्रीदेव सुमन को बंदी बनाया गया था। सुमन दिवस के दिन नई टिहरी स्थित जिला कारागार आम जनता के लिए खुला रहता है।

## आईआईटी रुड़की

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी रुड़की का 24वां दीक्षांत समारोह शनिवार को आयोजित किया जाएगा। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रोफेसर कमल किशोर पंत ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस वर्ष 2 हजार 513 स्नातकों को उपाधि प्रदान की जाएगी। उपाधि प्राप्त करने वालों में 1 हजार 277 स्नातक छात्र, 794 स्नातकोत्तर छात्र और 442 पीएचडी छात्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस बार सबसे ज्यादा डिग्रियां छात्राओं को मिल रही हैं, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रोफेसर पंत ने

कहा कि हम विकसित भारत की अवधारणा को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व रोबोट तकनीक जैसे क्षेत्रों की ओर भी ध्यान दे रहे हैं।